**भारत सरकार**

**आवासन और शहरी कार्य मंत्रालय**

**लोक सभा**

**अतारांकित प्रश्न सं. 1212**

**27 जुलाई, 2023 को उत्तर के लिए**

**पथ-विक्रेताओं हेतु विशेष रूप से तैयार किया गया मोबाइल एप**

**1212. डॉ. डी. एन. बी. सैंथिलकुमार एस.:**
**डॉ. अमोल रामसिंह कोल्हेः**
**श्रीमती मंजुलता मंडलः**
**डॉ. सुभाष रामराव भामरे:**
**श्री जी. सेल्वमः**
**श्री कुलदीप राय शर्मा**
**श्री धनुष एम. कुमारः**
**श्रीमती सुप्रिया सदानंद सुले:**
**श्री सी. एन. अन्नादुरई**

क्या **आवासन और शहरी कार्य** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या सरकार ने पथ विक्रेताओं के लिए ऋण-आवेदन प्रक्रिया को आसान बनाने के लिए विशेष रूप से तैयार किए गए एक मोबाइल एप का आरम्भ किया है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ख) क्या इस मोबाइल-एप के शुरू होने से अनावश्यक कागजी कार्रवाई समाप्त हो जाएगी और पथ-विक्रेताओं के लिए एक सहज और कार्यकुशल अनुभव सुनिश्चित होगा और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ग) विगत तीन वर्षों में प्रत्येक वर्ष के दौरान, देश में विशेषकर तमिलनाडु, महाराष्ट्र, ओडिशा और अंडमान और निकोबार द्वीपसमूह में पीएम-स्वनिधि योजना के अंतर्गत राज्य-वार कितने व्यक्तियों को ऋण संवितरित किया गया है;

(घ) दिसम्बर, 2023 तक इस योजना के अंतर्गत कुल कितने विक्रेताओं को लाभ प्रदान किए जाने का लक्ष्य है;

(ङ) प्रधानमंत्री स्वनिधि योजना को कार्यान्वित करते समय सरकार को किन-किन बाधाओं का सामना करना पड़ रहा है;

(च) प्रधानमंत्री स्वनिधि योजना के कार्यान्वयन के बाद पथ- विक्रेताओं पर पड़े सकारात्मक प्रभाव का ब्यौरा क्या है; और

(छ) सरकार द्वारा अधिक से अधिक विक्रेताओं के वित्तीय समावेशन और उनकी जीवन-दशा में सुधार लाने के लिए क्या कदम उठाए गए हैं?

**उत्तर**

**आवासन और शहरी कार्य राज्य मंत्री**

**(श्री कौशल किशोर)**

(क) और (ख): जी हां। आवासन और शहरी कार्य मंत्रालय ने 1 जून, 2023 को पथ विक्रेताओं (एसवी) के लिए पीएम स्वनिधि का मोबाइल ऐप लॉन्च किया है। मोबाइल ऐप की सहायता से, पथ विक्रेता (एसवी) पीएम स्वनिधि योजना के तहत ऋण और सिफारिश पत्र (एलओआर) के लिए आवेदन कर सकता है। पथ विक्रेता अपने ऋण आवेदन की स्थिति और प्राप्त कैशबैक की भी जांच कर सकता है।

(ग): पिछले तीन वर्षों में प्रत्येक वर्ष के दौरान देश में पीएम-स्वनिधि योजना के तहत जिन लाभार्थियों के लिए ऋण स्वीकृत और संवितरित किए गए हैं, उनकी संख्या का तमिलनाडु, महाराष्ट्र, ओडिशा और अंडमान और निकोबार द्वीप समूह सहित राज्य-वार ब्यौरा अनुलग्नक-। में दिया गया है।

(घ): आर्थिक कार्य मंत्रिमंडलीय समिति के दिनांक 26.04.2022 के निर्णय के अनुसार, दिसंबर, 2024 तक पहले, दूसरे और तीसरे ऋण के लिए पीएम स्वनिधि योजना के तहत निर्धारित लक्ष्य क्रमशः 42 लाख, 12 लाख और 3 लाख है।

(ङ.) और (च): प्रधानमंत्री पथ विक्रेता आत्मनिर्भर निधि (पीएम स्वनिधि) योजना अपने व्यवसायों को फिर से शुरू करने के लिए पथ विक्रेताओं को ज़मानत मुक्त कार्यशील पूंजी ऋण

की सुविधा प्रदान करने के उद्देश्य से शुरू की गई थी। 20 जुलाई, 2023 तक इस योजना द्वारा 38.53 लाख पथ विक्रेताओं को सफलतापूर्वक 50.63 लाख ऋण संवितरित किए हैं, जिनकी राशि 6,492.02 करोड़ रुपये है।

(छ): पीएम स्वनिधि योजना शहरी क्षेत्रों में सभी पथ विक्रेताओं को उपलब्ध कराई गई है। इसके अतिरिक्त, योजना के तहत मार्च, 2022 से दिसंबर, 2024 तक ऋणदान बढ़ा दिया गया है। इससे अधिक से अधिक विक्रेता योजना से जुड़ पाएंगे।

पीएम स्वनिधि योजना के तहत 'स्वनिधि से समृद्धि' घटक 04 जनवरी, 2021 को शुरू किया गया था, ताकि जीवन स्तर में सुधार के लिए लाभार्थियों के परिवारों के लिए सुरक्षा कवच बनाया जा सके।

इसका उद्देश्य लाभार्थियों के परिवारों को उनके समग्र विकास और सामाजिक-आर्थिक उत्थान को लक्षित करते हुए भारत सरकार की मौजूदा आठ कल्याणकारी योजनाओं से जोड़ना है। ये योजनाएं हैं - पीएम जीवन ज्योति बीमा योजना, पीएम सुरक्षा बीमा योजना, पीएम जन धन योजना, वन नेशन वन राशन कार्ड, पीएम श्रम योगी मानधन योजना, भवन और अन्य निर्माण कर्मी (बीओसीडब्ल्यू), जननी सुरक्षा योजना और पीएम मातृ वंदना योजना।

*****

27 जुलाई 2023 के लोकसभा अतारांकित प्रश्न सं. 1212 के उत्तर में उल्लिखित अनुलग्नक- ।

**पीएम-स्वनिधि योजना के तहत स्वीकृत और संवितरित ऋणों के लाभार्थियों की राज्य-वार और वर्ष-वार संख्या को दर्शाने वाला विवरण**

| क्र. सं. | राज्य/संघ राज्य क्षेत्र का नाम | लाभार्थियों की सं. | | | | स्वीकृत ऋण आवेदनों की सं. | | | | संवितरित ऋणों की सं. | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | वि.व. 20-21 | वि.व. 21-22 | वि.व. 22-23 | वि.व. 23-24 | वि.व. 20-21 | वि.व. 21-22 | वि.व. 22-23 | वि.व. 23-24 | वि.व. 20-21 | वि.व. 21-22 | वि.व. 22-23 | वि.व. 23-24 |
| 1 | **अंडमान और निकोबार द्वीप समूह** | **387** | **90** | **9** | **5** | **395** | **142** | **219** | **31** | **387** | **146** | **187** | **52** |
| 2 | आंध्र प्रदेश | 1,12,743 | 70,771 | 12,198 | 4,405 | 1,17,844 | 83,353 | 49,516 | 9,025 | 1,12,744 | 82,098 | 47,349 | 13,704 |
| 3 | अरूणाचल प्रदेश | 1,588 | 898 | 842 | 278 | 1,839 | 878 | 2,044 | 705 | 1,588 | 1,105 | 1,798 | 619 |
| 4 | असम | 14,157 | 40,621 | 11,948 | 6,405 | 15,816 | 43,857 | 23,908 | 13,449 | 14,157 | 42,648 | 23,463 | 13,642 |
| 5 | बिहार | 28,859 | 18,681 | 3,533 | 3,094 | 33,886 | 15,788 | 11,964 | 12,143 | 28,859 | 19,534 | 10,187 | 7,400 |
| 6 | चंडीगढ़ | 2,051 | 1,408 | 523 | 141 | 2,148 | 1,573 | 1,867 | 474 | 2,051 | 1,593 | 1,890 | 383 |
| 7 | छत्तीसगढ़ | 40,296 | 6,375 | 3,826 | 1,870 | 41,017 | 10,074 | 11,783 | 3,723 | 40,296 | 9,235 | 11,127 | 3,790 |
| 8 | दमन और दीव और दादरा और नगर हवेली | 1,031 | 213 | 79 | 369 | 1,123 | 148 | 435 | 755 | 1,031 | 228 | 300 | 788 |
| 9 | दिल्ली | 31,164 | 10,508 | 17,598 | 19,876 | 33,064 | 10,378 | 34,851 | 29,569 | 31,164 | 11,067 | 27,003 | 24,821 |
| 10 | गोवा | 1,017 | 218 | 64 | 46 | 1,028 | 424 | 504 | 132 | 1,017 | 393 | 469 | 122 |
| 11 | गुजरात | 1,02,348 | 94,823 | 45,680 | 58,239 | 1,06,706 | 1,15,538 | 1,04,451 | 80,873 | 1,02,349 | 1,11,522 | 99,747 | 79,996 |
| 12 | हरियाणा | 16,944 | 9,431 | 5,009 | 16,627 | 17,807 | 12,710 | 12,192 | 33,115 | 16,944 | 11,622 | 12,155 | 20,723 |
| 13 | हिमाचल प्रदेश | 2,767 | 593 | 494 | 101 | 2,812 | 1,243 | 2,052 | 399 | 2,767 | 1,244 | 1,997 | 421 |
| 14 | जम्मू और कश्मीर | 11,517 | 2,737 | 878 | 99 | 11,898 | 3,855 | 5,276 | 1,082 | 11,517 | 4,059 | 4,868 | 935 |
| 15 | झारखंड | 22,030 | 6,823 | 2,634 | 2,039 | 22,551 | 8,307 | 8,881 | 4,134 | 22,030 | 8,397 | 7,440 | 3,863 |
| 16 | कर्नाटक | 1,07,979 | 33,618 | 26,662 | 30,798 | 1,14,450 | 49,920 | 78,946 | 51,538 | 1,07,981 | 45,358 | 67,185 | 49,818 |
| 17 | केरल | 8,052 | 1,368 | 1,746 | 624 | 8,143 | 3,381 | 5,501 | 1,474 | 8,053 | 3,374 | 5,037 | 1,538 |
| 18 | लद्दाख | 247 | 14 | 61 | 4 | 249 | 78 | 216 | 17 | 247 | 73 | 214 | 19 |
| 19 | मध्य प्रदेश | 3,13,893 | 1,56,593 | 62,185 | 26,827 | 3,24,145 | 2,03,634 | 1,74,921 | 99,207 | 3,13,895 | 1,99,602 | 1,70,315 | 65,512 |
| 20 | **महाराष्ट्र** | **1,49,124** | **48,242** | **1,61,414** | **52,341** | **1,69,513** | **45,225** | **2,39,895** | **89,789** | **1,49,126** | **60,767** | **2,10,871** | **71,450** |

| क्र. सं. | राज्य/संघ राज्य क्षेत्र का नाम | लाभार्थियों की सं. | | | | स्वीकृत ऋण आवेदनों की सं. | | | | संवितरित ऋणों की सं. | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | वि.व. 20-21 | वि.व. 21-22 | वि.व. 22-23 | वि.व. 23-24 | वि.व. 20-21 | वि.व. 21-22 | वि.व. 22-23 | वि.व. 23-24 | वि.व. 20-21 | वि.व. 21-22 | वि.व. 22-23 | वि.व. 23-24 |
| 21 | मणिपुर | 6,094 | 2,393 | 273 | 56 | 6,773 | 1,874 | 2,426 | 214 | 6,094 | 2,498 | 1,746 | 520 |
| 22 | मेघालय | 253 | 354 | 791 | 159 | 266 | 394 | 1,038 | 272 | 253 | 383 | 1,017 | 274 |
| 23 | मिज़ोरम | 445 | 38 | 43 | 31 | 449 | 133 | 132 | 116 | 445 | 135 | 108 | 69 |
| 24 | नागालैंड | 1,202 | 299 | 204 | 34 | 1,214 | 465 | 562 | 69 | 1,202 | 467 | 470 | 82 |
| 25 | **ओडिशा** | **27,489** | **7,370** | **2,125** | **889** | **29,263** | **7,724** | **13,005** | **1,878** | **27,489** | **8,983** | **10,653** | **4,259** |
| 26 | पुडुचेरी | 1,130 | 116 | 89 | 782 | 1,202 | 169 | 567 | 994 | 1,130 | 226 | 520 | 950 |
| 27 | पंजाब | 26,661 | 12,657 | 3,603 | 12,445 | 29,469 | 10,984 | 12,529 | 36,491 | 26,661 | 13,260 | 11,341 | 19,620 |
| 28 | राजस्थान | 50,330 | 16,735 | 2,174 | 2,253 | 55,763 | 13,019 | 19,199 | 3,727 | 50,330 | 17,012 | 9,067 | 11,907 |
| 29 | सिक्किम | - | 1 | - | 96 | - | 1 | 2 | 110 | - | 1 | - | 96 |
| 30 | **तमिलनाडु** | **87,712** | **74,924** | **19,001** | **4,906** | **1,10,385** | **64,554** | **58,810** | **11,792** | **87,716** | **77,931** | **60,138** | **13,205** |
| 31 | तेलंगाना | 3,10,483 | 34,241 | 8,340 | 5,437 | 3,30,584 | 73,701 | 97,714 | 23,916 | 3,10,494 | 87,599 | 88,180 | 35,790 |
| 32 | त्रिपुरा | 2,609 | 595 | 326 | 78 | 2,631 | 1,131 | 1,048 | 268 | 2,609 | 820 | 992 | 336 |
| 33 | उत्तर प्रदेश | 5,63,838 | 2,22,258 | 1,48,218 | 90,843 | 5,94,320 | 2,15,203 | 3,53,561 | 2,51,223 | 5,63,930 | 2,36,744 | 3,46,322 | 2,18,763 |
| 34 | उत्तराखंड | 9,111 | 1,392 | 2,748 | 2,527 | 9,258 | 1,986 | 7,362 | 4,033 | 9,111 | 1,909 | 7,009 | 3,951 |
| 35 | पश्चिम बंगाल | 2,379 | 11,207 | 1,537 | 15,311 | 5,217 | 8,983 | 4,957 | 26,961 | 2,379 | 11,220 | 2,685 | 18,710 |
| | **कुल** | **20,57,930** | **8,88,605** | **5,46,855** | **3,60,035** | 22,03,228 | **10,10,827** | 13,42,334 | **7,93,698** | **20,58,046** | **10,73,253** | **12,43,850** | **6,88,128** |

टिप्पणी: वित्त वर्ष 2023-24 के आंकड़े 20.07.23 तक

*********